दिन–रविवार दिनांक– 10 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश के चार विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के लिए एनडीए और महागठबंधन के नेताओं ने पूरी ताकत झोंकी। कल शाम थम जायेगा चुनाव प्रचार का शोर।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेलागंज और इमामगंज में चुनावी सभाओं को सम्बोधित किया। महागठबंधन के नेताओं ने भी सभी सीटों पर किया चुनाव प्रचार।

03. पटना मेट्रो रेल दुर्घटना के जाँच के लिए दिल्ली मेट्रो रेलवे की टीम घटना स्थल पर पहुँची। निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा।

04. और, राजगीर में महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी कल से। सभी तैयारियां पूरी।

————————————————————————————

प्रदेश की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान चरम पर है। कल शाम चार बजे चारों निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार का कार्य समाप्त हो जायेगा। मतदान तेरह नवंबर को होगा, जबकि मतगणना तेईस नवंबर को होगी। जदयू के राष्ट्री अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित एनडीए के सभी घटक दल भाजपा, जदयू, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के नेता अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। वहीं, इंडी गठबंधन की ओर से भी राजद, कांग्रेस और वाम दलों के नेता चुनाव प्रचार में जुटे हुये हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज इमामगंज में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने सरकार के कार्यकाल में किये गये कार्यों को गिनाया।

चुनाव प्रचार में केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी सभा को संबोधित किया। इधर, रामगढ निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार किया। श्री कुमार ने बेलागंज में जदयू प्रत्याशी के पक्ष में भी प्रचार किया। महागठबंधन के नेताओं ने तरारी, इमामगंज और बेलागंज में कई स्थानों पर जनसंपर्क चलाया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि चारों सीटों पर महागठबंधन की स्थिति काफी मजबूत

है। वहीं रामगढ़ में राजद प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व मंत्री और सांसद सुधाकर सिंह ने एकसभा को संबोधित किया ।

———————————————————————

पटना यूनिवर्सिटी के पास पिछले दिनों हुई मेट्रो रेल दुर्घटना के जाँच के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की टीम आज घटना स्थल पर पहुँची। जाँच टीम के सदस्यों ने मेट्रो सुरंग के पास पहुंच कर वहाँ उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौरतलब है कि पिछले दिनों टनल मशीन के चपेट में आकर तीन मजदूरों की मौत हो गई थी।

———————————————————————

दरभंगा में एम्स के शिलान्यास के लिये तेरह नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने शिलान्यास स्थल का दौरा किया। प्रशासन सुरक्षा के चुस्त–दुरूस्त प्रबंधन को सुनिश्चित करने में लगा है। एम्स का निर्माण शोभन बाइपास के पास हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा होने वाले भूमि पूजन और जनसभा कार्यक्रम को लेकर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडेय ने दरभंगा में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम उत्तर बिहार को स्वास्थ्य सेवाओं के नए आयामों से जोड़ेगा।

———————————————————————

इसके साथ मिथिलांचल के लोगों को एक और सौगात मिलने वाली है। दरभंगा में ही तेरह नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झंझारपुर–लोकहा रेलखंड का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही झंझारपुर–लोकहा रेलखंड पर तेरह नवंबर से रेल सेवा शुरू हो जाएगी। श्री मोदी इस अवसर पर दरभंगा से पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

———बाईट———

प्रधानमंत्री  झंझारपुर–लौकहा रेल सेवा के अलावा दरभंगा शहर से अलग एक नव निर्मित बायपास रेल लाइन का भी उदघाटन करेंगे। इस बाइपास रेल लाइन से दरभंगा स्टेशन पर ठहराव नहीं करने वाली गाड़ियां सीधे अगले गंतव्य के लिए प्रस्थान कर पायेंगी। झंझारपुर लौकहा रेल सेवा के शुरु हो जाने से क्षेत्र में माल ढुलाई की बेहतर सुविधा होगी इससे व्यापार औऱ वाणिज्य को भी बढावा मिलेगा। नेपाल से सटे रहने के कारण बेहतर संपर्क के साथ दोनों देशों के बीच व्यापार में भी बढोतरी होगी।

खुटौना के व्यापारी सुशील कुमार ने क्षेत्र में रेल सेवा को विकसित किये जाने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने भरोसा जताया कि झंझारपुर–लौकहा रेलखंड से बड़े शहरों के लिए सीधी ट्रेन सेवाएं भी आगे चलकर उपलब्ध होंगी । आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी से आकिल हुसैन।

————————————————————————

छठ पूजा की समाप्ति के बाद यात्रियों का लौटना शुरू हो गया है। पूर्व–मध्य रेलवे आज यात्रियों के लिए तीस से अधिक रेलगाड़ियाँ चला रहा है। समस्तीपुर मंडल रेल प्रशासन द्वारा छठ पर्व पर वापसी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए समस्तीपुर सहित मंडल के छह प्रमुख बड़े स्टेशनों पर व्यापक तैयारी की गई है। मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत करते हुए बताया कि क्राउड मैनेजमेंट को लेकर मंडल के समस्तीपुर, सहरसा एवं दरभंगा सहित विभिन्न स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की एक हजार से अधिक विशेष टीमों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि यात्रियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं।

———बाईट———

————————————————————————

रेलवे द्वारा पूजा के दौरान की गयी स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की यात्रियों ने प्रशंसा की है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में यात्रियों ने उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को स्वागत योग्य कदम बताया है और रेलवे के प्रति आभार व्यक्त किया है।

———बाईट———

.

————————————————————————

महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी–दोहजार चौबीस कल से राजगीर में शुरू होगी। इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल शाम इस अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन का उद्घाटन करेंगे। प्रतियोगिता में भारत समेत छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। यह प्रतियोगिता बीस नवंबर को समाप्त होगी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा किसभी टीमों के खिलाडियों का उत्साह चरम पर है।

———बाईट———

सभी मैच राजगीर स्थितखेल परिसर के नव निर्मित हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। इस आयोजन में भाग लेने के लिए भारत, चीन, जापान, मलेशिया, थाईलैंड और कोरिया की सभी टीम बोधगया पहुंच चुकी हैं। रवींद्रन शंकरण ने कहा कि यह प्रतियोगिता बिहार में खेल के क्षेत्र में क्रांति लायेगी और इस प्रकार के आयोजनों में बिहार हॉट स्पाट बनेगा।

———बाईट———

उन्होंने बताया कि फ्लड लाइट में कीट पतंगों के प्रभाव के कारण मैच के समय में परिवर्तन किया गया है।

———बाईट———

इधर, भारतीय हॉकी टीमकी कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि उनके दल के खिलाड़ी कल के मैच का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

———बाईट———

————————————————————————

भारतीय टीम कल अपना पहला मुकाबला मलेशिया के साथ खेलेगी। वहीं एक अन्य मुकाबले में चीन की टीम थाईलैंड से भीड़ेगी

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज स्वच्छ भारत के अंतर्गत विशेष अभियान के चौथे संस्करण की सराहना की। इस विशेष अभियान से सरकारी खजाने को वर्ष दो हजार इक्कीस के बाद से कचरा बेचने से दो हजार तीन सौ चौसठ करोड़ रूपए के राजस्व प्राप्त हुआ है। श्री मोदी ने एक पोस्ट में कहा कि अभियान की सफलता  दर्शाती है कि सामूहिक प्रयासों से ठोस परिणाम हासिल किए जा सकते हैं ।

————————————————————————

बिजली मंत्री मनोहर लाल ने आज नई दिल्ली में इलेक्ट्रिक व्हीकल रैली को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने वाहन सेवा कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ई.वी. सेवा कार्यक्रम एक नेक पहल है जिसकी दिल्ली में आवश्यकता थी। श्री मनोहर लाल ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियाँ, निर्माण कार्य और परिवहन मुख्य तौर पर प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों को प्रदूषण कम करने के प्रयास करने चाहिए।

———बाईट———

पॉल्यूशन जो है वो सामान्यतरू इंडस्ट्री से पैदा होता है कंस्ट्रक्शन वर्क से पैदा होता है ट्रांसपोर्ट से भी होता है तो हर एक सेक्टर को प्रदूषण को कम करने के लिए अपने प्रयास करने चाहिए। उसके अंदर ईवी का यानी इलेक्ट्रिक व्हीकल है अपना एक योगदान है जो डीजल से पेट्रोल से चलने वाले वाहन है तो ईवी में अगर परिवर्तित होते है तो इसका बहुत बड़ा लाभ होता है।

————————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में सुबह और शाम हल्की ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पछुआ हवा के प्रभाव से पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में थोड़ी कमी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि चौदह नवम्बर के बाद प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव हो सकता है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो–तीन दिनों में हवा के रफ्तार मे बदलाव के चलते लोगों को सुबह के समय धुंध से राहत मिलेगी।

———बाईट———

————————————————————————————

पटना पुस्तक मेला छह दिसंबर से पटना के गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा। यह सत्रह दिसंबर तक चलेगा। इस बार पुस्तक मेला श्रद्धांजलि स्वरूप बिहार कोकिला शारदा सिन्हा और प्रख्यात लेखिका उषा किरण खां को समर्पित होगा।

————————————————————————————

01. प्रदेश के चार विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के लिए एनडीए और महागठबंधन के नेताओं ने पूरी ताकत झोंकी। कल शाम थम जायेगा चुनाव प्रचार का शोर।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेलागंज और इमामगंज में चुनावी सभाओं को सम्बोधित किया। महागठबंधन के नेताओं ने भी सभी सीटों पर किया चुनाव प्रचार।

03. पटना मेट्रो रेल दुर्घटना के जाँच के लिए दिल्ली मेट्रो रेलवे की टीम घटना स्थल पर पहुँची। निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा।

04. और, राजगीर में महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी कल से। सभी तैयारियां पूरी।

---

समाप्त